औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में उच्च न्यायालय की बैंच

5722. **श्री केशवराव धोंडगे :** क्या विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या महाराष्ट्र सरकार तथा केन्द्रीय सरकार से यह मांग की गई है कि इस राज्य के मराठवाड़ा डिवीजन के लिए औरंगाबाद में उच्च न्यायालय की बैंच स्थापित की जाए ;

(ख) यदि हां, तो इस दिशा में सरकार ने क्या कदम उठाए हैं; और

(ग) इस सम्बन्ध में अब तक अंतिम निर्णय किये जाने की सम्भावना है ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शान्ति भूषण) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग). सरकार ने इस विषय पर अभी तक कोई विचार नहीं किया है ।

उत्तर रेलवे के कैंटीनों के ठेकों की अवधि समाप्त होना

5723. **श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर रेलवे में विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर कैंटीनों के ठेकों की अवधि समाप्त हो गई है ;

(ख) यदि हां, तो उन स्टेशनों के नाम क्या हैं तथा इस समय वहां क्या व्यवस्था की गई है और यह व्यवस्था कब से चल रही है ;

(ग) सरकार का वर्तमान व्यवस्था को कब तक जारी रखने का विचार है ;

(घ) क्या सरकार का विचार नये ठेके देकर स्थायी व्यवस्था करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो यह कब तक किया जायेगा ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) उत्तर रेलवे के पांच स्टेशनों पर वेंडिंग/खान पान के ठेकों की अवधि समाप्त हो गई है ।

(ख)

क्रम संख्या	उन स्टेशनों का नाम जहां ठेकों की अवधि समाप्त हो गई है	तारीख जिससे अवधि समाप्त हुई है और वर्तमान व्यवस्था
1.	श्री गंगानगर . .	31-7-1975 को समाप्त हो गई। भूतपूर्व ठेकेदार काम कर रहा है ।
2.	अम्बाला छावनी (शाकाहारी भोजनालय) .	31-3-76 को समाप्त हो गई। भूतपूर्व ठेकेदार काम कर रहा है ।
3.	गाजियाबाद . .	24-9-75 को समाप्त हो गई । भूतपूर्व ठेकेदार काम कर रहा है ।
4.	मुकेरियां . .	3-3-77 को समाप्त हो गई । भूतपूव ठेकेदार काम कर रहा है ।
5.	शाहगंज . .	3-4-77 को समाप्त हो गई । भूतपूर्व ठेकेदार काम कर रहा है ।